सार-समाचार

साईबर ठगी के रुपये रिफण्ड करवाये

चूरू (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू श्री जय यादव आईपीएस ने बताया कि साईबर अपराधों पर प्रभावी अकुंश हेतु जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। त्वरित कार्यवाही के इसी कम में थानाधिकारी पुलिस थाना साहवा श्री रामप्रताप उनि व थाना टीम द्वारा प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते ऑनलाईन ठगो द्वारा ठगी की गई 80,000 रूपये की राशी उक्त राशी के वास्तविक स्वामी के खाते मे हस्तानांतरित करवायी गयी है। उक्त कार्यवाही में पुलिस थाना साहवा के साईबर पोर्टल पर कार्यरत श्री शैलेन्द्र कुमार कानि. 880 द्वारा कड़ी मेहनत व अपने तकनीकी साईबर ज्ञान से परिवादी की फॉड हुई राशी परिवादीगण को लौटाई जा सकी। परिवांदी श्री आरीफ खा पुत्र रोशन जाति मुसलमान उम्र 22 साल निवासी साहवा की इस आशय की रिपोर्ट प्राप्त हुई कि लोन देने का झांसा देकर मेरे से मेरे खाता से कुल अलग अलग ट्रान्जेक्शन से कुल 03 लाख 65 हजार रूपये साईबर ठगों ने अलग अलग खातों में हस्तान्तरित करवा लिये। जिस पर थाना हाजा की टीम द्वारा साईबर पोर्टल पर फ्रॉड की परिवाद दर्ज करवाई आदि आदि। परिवादी द्वारा साईबर पोर्टल पर दर्ज करवाई गई परिवाद पर श्री शैलेन्द्र कुमार कानि0 880 द्वारा साईबर पोर्टल पर प्राप्त शुदा परिवाद का अवलोकन कर परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुई राशि को ट्रेस किया जाकर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करते हुये परिवादी के साथ फ्रॉड हुये रूपये 03 लाख 65 हजार मे से 80000रू होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की। उक्त होल्ड शुदा राशि में से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 80000 रूपये परिवादी के खाते में रिफडं करवाये जा चुके है।

खुले नालों पर फैरो कवर लगाने की मांग

बीदासर (निसं)। भगत सिंह गौ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय में एसडीएम अमीलाल यादव को ज्ञापन देकर कस्बे में पालिका द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए खुले नालों पर फैरो कवर लगाने की मांग की है। समिति ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि कस्बे में गंदे पानी के खुले नाले बेजुबान जीवों और गौ वंश के लिए मौत का कारण बनते जा रहे है। खुले नालों पर फैरो कवर नही लगा होने के कारण आए दिन कोई ना कोई गौ वंश खुले नालों में गिर जाते है, और कई दफा गहरे नालों में गौ वंश द्वारा बाहर न निकल पाने के कारण अकाल मृत्यु की भेंट चढ़ जाते है। बरसात के समय खुले नालों में बरसाती पानी ऊपर तक चलने से राहगीर भी दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है। वही कई बार बाहर से आने वाले वाहन भी खुले नालों में उतर जाते है। खुले नालों के कारण बेजुबान पशुओं, बच्चों, बुजुर्गों और आमजन को बरसात के समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। समिति ने कस्बे में सभी खुले नालों का निरीक्षण कर उन पर फैरो कवर अविलंब लगवाने तथा जहां तत्काल फैरो कवर लगाना संभव नही हो वहां अस्थाई सुरक्षा उपाय बैरी केट्स व चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष नोरतन जाट, शिव कुमार टांटिया, कानसिंह, बहादुर सिंह, रितुल, मुकेश, गोपी, अभय सिंह, कालुराम, जीत सिंह, करणी सिंह सहित अनेक गौ भक्त उपस्थित थे।

मार्क्सवादी जिला कमेटी की बैठक आज

चूरू (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी की विस्तृत बैठक आज शिक्षक भवन में हुई जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड रामस्वरूप सारण ने की। बैठक को पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड दुलीचंद बोरदा ने बताया कि पार्टी का 24 वा राष्ट्रीय सम्मेलन तमिलनाडु के मुदरई में 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक हुआ जिसमें पार्टी के नए नेतृत्व राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड बेबी को चुना गया। सम्मेलन में निर्णय लिया कि पार्टी। किसान मजदूर के साथ साथ दलित नौजवानों के मुद्दों को लेकर आम जनता के बीच जाएगी और पहचान की राजनीति और जातिगत राजनीति को परास्त कर माकपा की विचारधारात्मक लडाई को और मजबूत करेंगे। पूंजीवाद के खिलाफ समाजवाद ही विकल्प है समाजवाद मुल्क बनाने के लिए लडाई और तेज करते हुए किसान मजदूर दलित और नौजवानों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का काम करेंगे। जिला सचिव छगनलाल चौधरी ने मीटिंग में आए हुए तमाम लोगों का स्वागत किया।आज विस्तृत बैठक में रामकृष्ण छींपा, रामस्वरूप सारण, रामनिवास भेसली,मोहनलाल शर्मा,इंद्राज सिंह दीपाराम प्रजापत, अजीत सिंह पुनिया, सावरमल मेघवाल, चिमनाराम पांडर, हरिराम टांडी, रामसिंह, काशीराम सारण, महेंद्र मेघवाल,बिरजूराम खीचड सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश के लिए निर्देश जारी

सीकर (निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर द्वारा राज्य के नगरीय निकायों के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर मतदान 8 जून 2025 को निश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ के वार्ड संख्या 9 के उपचुनाव मतदान दिवस 8 जून 2025 के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो निर्वाचन होने वाले निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में पंजीकृत है, को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया है। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिये कि सवैतनिक अवकाश मंजूर करने के लिए जिले के सम्बन्धित संस्थानों के नियोजकों को उनके संगठनों तथा श्रमिकों के संगठनों को भी अवगत करवाकर अनुपालना करवाया जाना सुनिश्चित करें।

आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर ऑवर ब्रिज निर्माण के चलते 33 केवी विद्युत लाइन शिफ्टिंग के कार्य के तहत शनिवार 08 जून 2025 को 33 केवी चूरू फीडर बंद रखा जाएगा। जोधपुर डिस्कॉम शहर द्वितीय की कनिष्ठ अभियंता पूनम प्रजापत ने बताया कि शनिवार को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक अग्रसेन नगर, शांति नगर, मयूर विहार कॉलोनी, डीटीओ ऑफिस, कलेक्ट्रेट सर्किल, भरतिया अस्पताल, नई सडक, नया बास, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड, पूनिया कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, ओम कॉलोनी, इन्दिरा कॉलोनी, धर्म स्तूप, मालजी के कमरे पास, आलोक सिनेमा के पीछे, व्यापारियों का मोहल्ला, पुरानी सड़क, जयपुर रोड, रामसरा रोड़ सहित इन क्षेत्रों से जुडे समस्त विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

पोस्टर का विमोचन किया

सादुलपुर, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण' के अनूरूप वाइल्ड लाइफ इन नेचर एंड ग्रीन सोशल द्वारा प्लास्टिक मुक्त राजगढ अभियान शुरू करने का संकल्प लिया। इस अभियान का पोस्टर विमोचन चूरू में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, चूरू विधायक हरलाल सहारण के द्वारा किया गया। वहीं जिला कलेक्टर सुराणा ने विंग्स एनजीओ के इस अभियान की तारीफ करते हुए इस प्रकार के अभियान सभी तहसीलों में करने की आवश्यकता जताई। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने प्लास्टिक को सबसे घातक बताते हुए इसे बंद करने की आवश्यकता जताई और एनजीओ की पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर वाइल्डलाइफ इन नेचर एंड ग्रीन सोशल ट्रस्ट विंग्स एनजीओ अध्यक्ष सुमेर सिंह गुलपुरा, पूनमचंद स्वामी, मकसूद चिश्ती, उपवन संरक्षक विरेन्द्र सिंह कृष्णिया व एसीएफ महेंद्र सिंह लैखाला मौजूद रहे।

ईद की मुबारकबाद दी

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख में ईद उल अजहा पर सभी मुस्लिम भाइयों द्वारा शनिवार को ईदगाह में सामुहिक नवाज अदा की। सुबह 8 बजे मौलाना सिराजुद्दीन ने नमाज अदा करवाई। दोपहर 11 बजे मिली जानकारी में नवाज अदा करने के बाद में देश में अमन चैन की दुआ की। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। हर साल की भाती हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह में पहुंचकर ईद की मुबारकबाद देकर हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे का परिचय दिया। इस मौके पर डॉ संजय खुडिया, कांग्रेस शहर ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, सुरेश भाटिया, दलवीर भांकर सहित अन्य भाइयों ने ईदगाह मे पहुँच कर गले मिलकर के मुबारकबाद दी।

मस्जिदों में नमाज अदा की

बीदासर (निसं)। कस्बे में शनिवार को ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई। बड़ी ईदगाह में शहर काजी हाफिज मोहम्मद शरीफ व नेक नगर ईदगाह में हाफिज मोहम्मद यूनुस भुट्टा ने ईद उल अजहा की नमाज अदा करवाई। नमाज के दौरान देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ की गई। मुस्लिम भाइयों ने नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

रेलवे, सड़क व जल जीवन मिशन से जुड़े मुद्दों को लेकर सांसद कस्वां ने उच्चाधिकारियों से मुलाकात की

चूरू (निसं)। सांसद कस्वां ने बताया कि रींगस से खाटूश्याम जी तक प्रस्तावित नई रेलवे लाइन को आगे बढ़ाने हेतु जीण माता-सांगलिया धूणी-श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ़-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक नई रेल लाइन का प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाने के लिये कहा।

फिलहाल रींगस से खाटू श्याम जी और फिर रशीदपुरा खोरी स्टेशन से सालासर धाम तक दो भागों में नई रेल लाइन निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। ऐसे में खाटू श्याम जी में जाकर रेल लाइन समाप्त हो जायेगी और आगे की कनेक्टिविटी नहीं होने से यह प्रौजेक्ट महत्वहीन हो जायेगा।

अतः इस डीपीआर निर्माण के कार्य पर पुनर्विचार की आवश्यकता है और संशोधित प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाकर रींगस से जीण माता-सांगलिया धूणी- श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ़-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक का प्रौजेक्ट स्वीकृत करवाया जाए।

पुणे-हिसार ट्रेन को पुनः शुरू करने एवं हनुमानगढ़ से जोधपुर व हनुमानगढ़ से उदयपुर के बीच नई ट्रेन के प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भिजवाने के लिये कहा। उन्होंने हनुमानगढ में नवनिर्मित वॉशिंग लाइन को अतिशीघ्र शुरू करने के लिये कहा है; ताकि क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं में बढ़ोतरी हो सके।

सांसद राहुल कस्वां ने रेलवे के अपर-महाप्रबंधक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता व अतिरिक्त सचिव, जल जीवन मिशन के चीफ इंजीनियर से मुलाकात की।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त सचिव से चूरू में निर्माणाधीन ओवरब्रिज को लेकर वार्ताहुई। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता टी.सी. गुप्ता जी से चूरू शहर में निर्माणाधीन अग्रसेन नगर ओवरब्रिज को लेकर चर्चा की।

सांसद कस्वां ने कहा कि इस ओवरब्रिज में गलत डिजायनिंग और टैण्डर प्रक्रिया के बाद फोर से टू लेन में बदलना जैसी खामियों को हमने लगातार उठाया है, जिनको विभाग के उच्चाधिकारियों ने भी माना है।

इस ओवरब्रिज की डिजाइन में सुधार कर एलिवेटेड बनाने की मांग हम करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री महोदय जब चूरू आए थे तो इस ओवरब्रिज को एलिवेटेड बनाने की सहमति जरूर दिखाई लेकिन आज दिन तक अतिरिक्त बजट स्वीकृति कर इस कार्य को करने पर कोई प्रोग्रेस नहीं हुई है। लम्बित पड़े कार्य के चलते आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः उन्होंने इस ओवरब्रिज की डिजायनिंग में सुधार कर एलिवेटेड बनाने हेतु अतिरिक्त बजट अतिशीघ्र शुरू कर कार्य शुरू करवाने के लिये कहा है।

सांसद कस्वां ने कहा कि चूरू, सुजानगढ़, रतनगढ़ और सादुलपुर में जेजेएम के अंतर्गत 2019 में स्वीकृत हुए कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं। लेटलतीफी और उदासीनता के कारण बजट में डेविएशन आ गया है, जिसके चलते उपरोक्त तहसीलों में जेजेएम के कार्य (जैसे-कहीं नई टंकियां निर्मित नहीं हो पाई तो कहीं पर टंकियां निर्मित हो गई हैं लेकिन पाईप लाइन से जुड़ नहीं पा रही) अधर में हैं। अतः डेविएशन की फाइल जो लम्बे समय से स्वीकृति हेतु आई हुई है उसको स्वीकृति प्रदान करें ताकि आमजन को योजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि आपणी योजना के अंतर्गत तारानगर तहसील और सरदाशहर के 103 गावों के तीन टैण्डर होने थे, जिसमें से अभी तक दो टैण्डर ही पूर्ण हो पाए हैं। अतः तीसरे टैण्डर को भी जल्द से जल्द करवाकर कार्य शुरू करवाने के लिये कहा।

क्षेत्र में जेजेएम के अंतर्गत होने वाले कार्यों की डीपीआर निर्माण में कई

■ तीनों विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के मुद्दे उठाये

खामियां सामने आई हैं। इसलिए सांसद ने अधिकारियों से कहा है कि चूरू में के सम्बन्ध में एक मिटिंग रखकर उचित प्लानिंग के साथ कार्यों को करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए; ताकि आमजन को योजना का सही ढंग से लाभ मिल सके।

सांसद कस्वां ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत चूरू जिले में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के झूठे आंकड़े अधिकारियों ने पोर्टल पर अपलोड कर दिए हैं, जबकि धरातल पर अलग स्थिति है।

स्वीकृत टंकियों का कार्य पूर्ण न होने के बावजूद गलत डाटा पोर्टल पर अपलोड करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

संसदीय क्षेत्र के विभिन्न शहरों में पेयजल आपूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा अमृत-2 योजना में बजट जारी हुए एक साल से अधिक का समय हो गया है; लेकिन कार्य आज तक शुरू नहीं किया गया। अतः इस कार्य को भी अतिशीघ्र शुरू करवाने पर बात हुई।

विधायक का सम्मान किया

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के कॉपर से मानोता खुर्द के लिए एक किलोमीटर सड़क के लिए तीस लाख रूपए स्वीकृत होने पर शनिवार को ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच गिरधारीलाल के नेतृत्व में विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर का सम्मान किया। समाज सेवी बबलू अवाना ने बताया कि कॉपर से शिमला जोड़ने वाली सड़क क्षतिग्रस्त होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को अवगत करवाया तथा सड़क का निर्माण कार्य करवाने की मांग की थी। जिस पर विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मिलकर सडक निर्माण की स्वीकृति जारी करने की मांग की। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से एक किलोमीटर सड़क के लिए तीस लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि खेतड़ी क्षेत्र की सड़कों की हालत काफी खस्ता होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा क्षितग्रस्त सड़कों से आए दिन हादसे भी हो रहे थे। जिसको लेकर उन्होंने राजोता से हरियाणा सीमा, नानूवाली बावडी से सिंघाना सहित अन्य सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं कुछ सडकों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कॉपर, शिमला सड़क से मानोता खुर्द तक स्वीकृत हुई सड़क का जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। इस पर पूर्व सरपंच गिरधारीलाल, पंच महेंद्र, जुगलाल ठेकेदार, मुकेश फौजी, कैलाश, बबलू अवाना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

शेखावाटी विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

सीकर (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई है। स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थी अब विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर यूजी पाठ्यक्रमों (बीएजेएमसी, बीबीए, बीसीए) के लिए 22 जून और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रो. राय ने बताया कि प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से लिखित परीक्षा के आधार पर संपन्न होगी। प्रवेश संबंधी पूरी जानकारी और आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को केवल ऑनलाइन ही आवेदन करना है।

कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने बताया कि नए शिक्षा सत्र 2025-26 में पहली बार एमएससी फॉरेंसिक साइंसेज, पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल फॉरेंसिक, पीजी डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर लॉ और बीएजेएमसी (बेचलर ऑफ आर्ट्स इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन), बीबीए, बीसीए और डिप्लोमा इन डिज़ाइन जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि पीजी पाठ्यक्रमों में गत वर्ष की तरह एमएम में हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान और योगा, एमएससी में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बोटनी, जूलोजी, मैथेमेटिक्स, योगा, एमकॉम में ईएएफएम, बीएडीएम, एबीएसटी और एमएजेएमसी, एमबीए, एमसीए, एलएलएम में प्रवेश दिया जाएगा। प्रो. अनिल राय ने बताया कि विश्वविद्यालय पिछले साल से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को सभी यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों में लागू कर चुका है। सभी पाठ्यक्रम एनईपी के अनुरूप ही संचालित हो रहे हैं, जिसमें पाठ्यक्रमों में प्रेक्टिकल और सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ ही स्किल डवलमेंट से भी जोड़ा गया है। विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है।

ईदगाह में नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी

चूरू (निसं)। अंचल में कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

आपको बता दें कि इस्लाम धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों का यह प्रमुख त्योहार है। कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा सोमवार को जिलेभर में अकीदत के साथ मनाया गया। जिले में ईद उल अजहा पर ईदगाह में मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ की गई।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय के मरकजी मस्जिद पुरानी ईदगाह में शहर इमाम पीर मोहम्मद अनवार कादरी ने मुस्लिम बन्धुओं को नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके साथ ही चूरू शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा करवाई गई।

इस अवसर पर शहर इमाम पीर अनवार कादरी ने कहा कि आज कुर्बानी का दिन है, उन्होंने कहा कि ऐसे पर्वों से देश में आपसी भाईचारा बना रहे। सर्व समाज के लोग हर पर्व को एक साथ मनाते हैं।

चूरू अंचल में कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

यही इस देश की विशेषता है।

रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के लगभग 70 दिनों बाद इसे मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा कि राह में कुर्बान करने जा रहे थे, तो अल्लाह ने उसके पुत्र को जीवनदान दे दिया, जिसकी याद में यह पर्व मनाया जाता है।

इस अवसर पर ईदगाह के बाहर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मदन गोपाल बालाण, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, सत्तार खान चायल, आकाश सैनी, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राकसिया कांग्रेस से पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, डॉ. जमील चौहान, शहर अध्यक्ष असलम खोकर, देहात अध्यक्ष किशोर धांदू, पार्षद विनोद खटीक सहित भाजपा व कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा शुक्रवार की रात क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में विधायक पुसाराम गोदारा के नेतृत्व में आयोजित संविधान बचाओ रैली में शिरकत की। डोटासरा का विधायक गोदारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पीसीसी चीफ डोटासरा ने भाजपा की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में पर्ची सरकार दिल्ली से प्राप्त पर्ची पर ही काम कर रही है। सरकार को प्रदेश की जनता से कोई सरोकार नहीं है। सर्वत्र अनियमिताएं व्याप्त है बिजली, पानी व चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी अस्त-व्यस्त है और आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि यह सरकार नगर निकायों व ग्राम पंचायतों के समय पर चुनाव न कराकर संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश में कई स्थानों पर अल्प मत होने के बाद भी भाजपा अपने लोगों को प्रमुख पद्दों पर आसिन किए हुए हैं, ये संविधान का मखौल है। कार्यक्रम को विधायक पूसाराम गोदारा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, राजगढ़ पूर्व विधायक कृष्णा पुनिया, वफ्फ बोर्ड अध्यक्ष खानू खा बुधवाली, चूरु जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़, बीकानेर जिला अध्यक्ष बिशना राम सियाग, दीवान सिंह राठौड़, अरविंद चाकलान, भानीराम मेघवाल, रामवीर सिंह राईका, केशर सिंह राठौड़, कल्याण सिंह शेखावत, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र बाटड़ ने भी संबोधित करते हुए वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधा। विधायक पुसाराम गोदारा ने आगंतुकों का आभार प्रगट किया। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, पूर्व चेयरमैन हंसराज पारीक, पूर्व चेयरमैन मोहन मेघवाल, पीसीसी सदस्य हरीराम बाना, डी के कस्वा सहित पंचायत समिति सदस्य गण, सरपंच गण, पार्षद व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल संरक्षण की शपथ ली

सीकर (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव के मार्गदर्शन में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत पंचायत समिति के ग्राम कासली में जल संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान में तहत भामाशाहों, क्राउड फंडिंग, सीएसआर फंड के द्वारा जल संरक्षण संरचना, रिचार्ज सॉफ्ट, बनाने के लिए ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया एवं जल बचाने के तरीकों से अवगत कराया गया। जल संरक्षण संवाद में मुख्य वक्ता वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक दिनेश शर्मा द्वारा कर्म भूमि से मातृभूमि योजना के उद्देश्य के तहत भामाशाह क्राउड फंडिंग एवं सीएसआर फंड में कार्य किए जाने के बारे में जानकारी दी। साथ ही गिरते हुए जल स्तर को रोकने के सरल एवं आसानी से होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं ग्रामीण जनों से अधिक से अधिक संख्या में कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के लिए प्रार्थना की गई। वंदे गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण की शपथ ग्रामीणों को दिलाई गई।

कलेक्टर तारानगर दौरे पर रहे

तारानगर (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा शनिवार को तारानगर क्षेत्र के दौरे पर जहां कलेक्टर ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में कार्यक्रमों में भाग लिया। कलेक्टर सुराणा ने साहवा में वंदे गंगा जल सरंक्षण जन जाग्रति अभियान के तहत गुरूद्वारा साहिब जोहडा पर जल पुजन किया गया, कांधलदेव मुर्ती स्थल पर वृक्षारोपण किया एवं पर्यावरण सरंक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले पर्यावरण प्रेमियों को प्रतीक चिन्ह देकर किया। कलेक्टर सुरणा ने गुरूनानक टिला क्षेत्र का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत सारायण में जनसुनवाई की जिसमें ग्रामीणों ने पानी, बिजली, रास्ता, आबादी विस्तार शिक्षा आदि के संबंध में अपने परिवाद पेश जिन्हे कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। सुराणा ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण करें।

जल ही जीवन है और जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : जिला कलेक्टर

सीकर (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 5 जून से 20 जून तक आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को जिला प्रशासन सीकर एवं श्री गोपीनाथ गौशाला के संयुक्त तत्वावधान में गौशाला में विचार गोष्ठी, पौधारोपण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने गौशाला परिसर का दौरा कर गौ-सेवा, स्वच्छता एवं जल प्रबंधन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश के लिए उपलब्ध चारे, पानी एवं चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली और उनके संरक्षण के लिए बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सभी अतिथियों को पारंपरिक शॉल एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर "वंदे गंगा" अभियान के अंतर्गत जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता संदेश भी साझा किए गए तथा जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई।

जिला कलेक्टर ने गायों को हरा चारा खिलाया।

कार्यक्रम में आयोजित विचार गोष्ठी में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है, और जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आव्हान किया कि वे जल बचाने और स्वच्छता बनाये

■ श्री गोपीनाथ गौशाला सीकर में विचार गोष्ठी आयोजित हुई

रखने के इस जन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हमें पौधे लगाने के साथ-साथ इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती पर मानव जीवन को बचाने और सृष्टि के संरक्षण के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने गौशाला में पौधारोपण कर गायों का हरा चारा खिलाया।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड, सीए सुनिल मोर, शशी बहड, अधीक्षण अभियन्ता वाटर शैड रमेश कुमार मीणा, अधीशाषी अभियन्ता सुरेन्द्र मील, अभिलाषा रणवां, साहित्यकार महावीर पुरोहित एवं गौशाला समिति के सदस्यगण तथा अन्य समाजसेवी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय, खेतड़ी राज.

रामकुमार आदि बनाम बलबीर सिंह आदि
मु. नं.
आवेदन पत्र धारा 251 (क) राज. काश्तकारी अधिनियम बाबत प्राप्त करने रास्ता।

प्रेषित

1. सुनिता पुत्री महावीर पत्नी महेश कुमार जाति अहीर निवासी शिमला हाल आबाद दुलोठ तहसील व जिला महेन्द्रगढ हरियाणा
2. कुसुम पुत्री महावीर पत्नी राजेश जाति अहीर निवासी शिमला हाल खेड़ी तहसील झझर हरियाणा
3. नितु पुत्री कृष्ण कुमार पत्नी कर्मवीर
4. पिंकी पुत्री कृष्ण पत्नी सुनील कुमार जाति अहीर निवासी शिमला हाल आबाद मुढलाना तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा
5. हरीश पुत्र कृष्ण अहीर निवासी शिमला तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
6. उषा पुत्री माता मुगी पत्नी कृष्ण कुमार अहीर निवासी हाजीपुर कुण्ड तहसील व जिला रेवाड़ी हरियाणा
7. रायसिंह पुत्र रामसिंह
8. बबलू पुत्र शेर सिंह
9. संजय पुत्र सुमेर सिंह
10. रोहताश पुत्र कासीराम
11. कृष्ण पुत्र वासुदेव
12. संतोष देवी पत्नी वासुदेव समस्त जाति अहीर निवासी शिमला तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.

आपको सूचना दी जाती हे कि इस मामले में आवेदकरण ने धारा 251 (क) राज. का. अधिनियम के तहत रास्ता मांगा है जिसकी नकल संलग्न है। इस न्यायालय द्वारा दर्ज रजिस्टर कर लिया गया है। और इस आवेदनपत्र की सुनवाई